हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 13 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

12 पर्यावरण जागरुकता के लिए छात्रों ने निकाली रैली



12 बराड़ा में रजत मलिक ने रोका भाजपा का विजयी रथ



## खबर संक्षेप

### चोरी के केमिकल से लदा ट्रक जब्त किया

**पानीपत।** रिफाइनरी के बाहर ट्रक चालकों से मिलीभगत कर ट्रकों से केमिकल चोरी के खेल का भंडाफोड़ कर एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने आरोपी केंटर चालक रिजवान पुत्र नवाब निवासी गांव बापौली जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने केंटर से चोरीशुदा केमिकल से भरे 13 ड्रम बरामद किए है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज रोहताश ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज किया है। वहीं आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि चोरी के मामले में शामिल अन्य लोगों की जानकारी लेकर उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सके।

### गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने भगत सिंह एंक्लेव हुडा सेक्टर 25 निवासी भानू प्रताप को गोली लगने मामले में रणजीत उर्फ रजत निवासी गांव उग्राखेड़ी व मनीष निवासी हुडा सेक्टर 25 को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि थाना चांदनी बाग में मामचंद पुत्र श्रीचंद निवासी भगत सिंह एंक्लेव हुडा सेक्टर 25 की शिकायत पर रणजीत व मनीष पर बीएनएस की धारा 109, 351(3), 3(5) व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है। आरोपियों ने भानू प्रताप को दो मार्च को गोली मारी थी।

### देसी पिस्तौल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने अनाज मंडी के नजदीक धर्मकांटा के पास से हरदीप उर्फ मोनू पुत्र राजेश निवासी गांव डाहर जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया। एंटी व्हीकल थेप्ट प्रभारी रोहताश ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### जुआ खेलते नकदी समेत चार दबोचे

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस की टीम ने चौटाला रोड पर संदीप कॉलोनी में जुआ खेल रहे पुष्पेंद्र निवासी मडगुआ झांसी यूपी हाल रणदीप कॉलोनी, दीपक निवासी सौंधापुर, सरफराज निवासी कच्चा कैंप पूरेवाल कॉलोनी व प्रवीन निवासी किशनपुरा हाल उझा रोड को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके पर आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 11 हजार 660 रूपए की नगदी बरामद की। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सुभाष ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गेम्बलिग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### विधवा की दुकान से नकदी व सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी में विधवा महिला सुदेश देवी की परचून की दुकान से 20 हजार रुपए चोरी हो गए। सुदेश देवी ने बताया कि मंगलवार की रात को दुकान के गल्ले में 20 हजार रुपए रखे और घर चली गईं। बुधवार की सुबह जब वह पानीपत जाने के लिए दुकान पहुंचीं, तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। बीस हजार रूपये की नगदी व अन्य चोरी कर चोरी कर लिया। सुदेश की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध खनन करने के आरोपी पर जुर्माना

**पानीपत।** पानीपत में खनन माफिया पर शिकंजा कस दिया है एनफोर्समेंट की टीम के साथ खनन विभाग की टीम जगह जगह तलाशी अभियान चलाए हुए हैं। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि बुधवार को खोजकी पुर के पास ट्रैक्टर ट्राली में रेती लेकर जा रहे एक खनन माफिया को पकड़ा व उन पर 2 लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना कर दिया।

## पानीपत में कोमल सैनी, करनाल में रेनू बाला, अंबाला में शैलजा सचदेवा, यमुनानगर में सुमन बहमनी विजयी

# मेयर पद के लिए जीटी रोड बेल्ट पर खिला कमल

### गुटबाजी में उलझी कांग्रेस को चुनाव में मिली करारी हार

हरिभूमि टीम ▶▶| पानीपत/अंबाला

जीटी रोड बेल्ट पर मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशियों ने भारी मतों से जीत दर्ज कर कमल खिलाया है। मेयर के अलावा, अधिकतर पार्षद पदों पर भी भाजपा के ही प्रत्याशियों ने अपनी जीत का परचम लहराया है।

- यमुनानगर के 22 वार्डों में से भाजपा 21 पार्षद पद जीतने में सफल हुई

पानीपत में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई। मेयर पद पर भाजपा की कोमल सैनी निर्वाचित हुई हैं। कोमल सैनी को 1 लाख 62 हजार 75 वोट मिले। जबकि कांग्रेस की सविता संजय गर्ग ने 38 हजार 905 वोट प्राप्त हुए। कोमल ने सविता को 123170 वोटों के अंतर से पराजित कर विजयीश्री हासिल की। वहीं निर्दलीय चौधरी केवल सिंह उर्फ बोना को 7 हजार 295 वोट मिले और वे तीसरे नंबर पर रहे। जबकि आम आदमी पार्टी के प्रीतपाल सिंह खेड़ा को 4 हजार 864 ही वोट मिले हैं।



पानीपत। पानीपत की नवनिर्वाचित मेयर कोमल सैनी, पूर्व सांसद संजय भाटिया विजयी जुलूस निकालते हुए।

#### कांग्रेस का सूपड़ा साफ

गुटबाजी में उलझी कांग्रेस को नगर निगम के चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस का एक भी पार्षद नहीं जीता। जबकि मेयर पद पर भी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पडा। वहीं निगम चुनाव में कांग्रेसी नेताओं ने शुरू से ही रूचि नहीं ली। कांग्रेस का कोई भी वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार के लिए पानीपत नहीं आया। छोटे-छोटे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुडा व उनके सांसद पुत्र दीपेंद्र हुड्डा ने भी पानीपत से दूरी बनाए रखी। इधर, जीत का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी की निगम चुनाव में करारी हार हुई। आप प्रत्याशी मेयर के चुनाव में चौथे नंबर पर रहा।

#### करनाल : 25359 मतों से जीती रेनू

**करनाल।** नगर निगम करनाल में मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता ने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी मनोज वधवा को 25359 मतों से हराया। मेयर पद के चुनाव के लिए कुल 147210 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिसमें से रेनू बाला गुप्ता को कुल 83630 मत प्राप्त हुए जबकि मनोज वधवा को कुल 58271 मत मिले। इसी प्रकार से निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश कुमार रघुवंशी को 2327 व निर्दलीय प्रत्याशी यश गोयल को 1461 मत प्राप्त हुए तथा नोटा को 1521 मत मिले।

#### जाम जैसे हालत रहे

नगर निगम चुनाव में जीते प्रत्याशियों के एक के बाद एक जुलूस निकलने के चलते आर्य कॉलेज से लेकर हुडा सेक्टर 25 के मोड तक दोपहर बारह से ढाई बजे तक यातायात जाम जैसे हालत बने रहे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर यातायात को सुचारू करने के प्रयास किए, लेकिन जुलूस के कारण वाहन रेंग रेंग कर चले।

#### यमुनानगर में सुमन 73319 मतों से जीती

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के चुनाव में मेयर के पद पर भाजपा प्रत्याशी सुमन बहमनी ने भारी मतों से जीत हासिल कर अपने प्रतिद्वदी कांग्रेस की प्रत्याशी किरण देवी को 73319 मतों से शिकस्त दी है। भाजपा प्रत्याशी सुमन बहमनी को कुल 126749 मत मिले। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी रही कांग्रेस की किरण देवी को कुल 53430 मत मिले। वहीं, निगम के 22 वार्डों में हुए पार्षद पदों के चुनाव में भाजपा 21 पार्षद पद जीतने में सफल हुई है।

#### थानेसर नप में माफी देवी ने की जीत दर्ज

कुरुक्षेत्र। थानेसर नगर परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी माफी देवी ने भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की। माफी देवी 32577 मतों से विजय घोषित हुई। माफी देवी को 47828 मत प्राप्त हुए। दूसरे नंबर कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता कुमारी को 15251 मत प्राप्त हुए। आप प्रत्याशी रुकमणी बाल्मिकी को 2868, बसपा प्रत्याशी राजबाला को 1840 और आजाद प्रत्याशी रतन कौर को 655 मत प्राप्त हुए। इस बार नगर परिषद के चेयरपर्सन पद का चुनाव ईवीएम द्वारा हुआ। इसके अलावा 25 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी विजयी रहे ।

#### अंबाला में शैलजा पहली मेयर

**अंबाला।** निकाय चुनाव में चली भाजपा की आंधी में कांग्रेस का सफाया हो गया। भाजपा ने मेयर उपचुनाव के साथ अंबाला सदर नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव में जीत का परचम लहराया। अंबाला शहर नगर निगम में मेयर पद के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैलजा संदीप सचदेवा ने 20487 मतों से विजयी हासिल की। शैलजा का मुकाबला यहां कांग्रेस की प्रत्याशी अमीषा चावला के साथ। अमीषा को 20133 वोट ही मिल पाए। यहां भाजपा के 26 सदस्य भी निर्वाचित हुए हैं। हालांकि बराड़ा नगरपालिका चुनाव में बागी रजत मलिक भाजपा का रथ रोकने में कामयाब रहे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार को करारी शिकस्त देकर नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। भाजपा की जीत पर कार्यरत जश्न में डूब गए। अंबाला शहर में नवनिर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा ने पूर्व मंत्री असीम गोयल के साथ रोड शो की अगुवाई की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों को जीत का आशीर्वाद दिया।

## अवैध खनन में लिप्त दो वाहन जब्त

- अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी : लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार अवैध खनन/परिवहन में लिप्त दो वाहनों को जब्त किया गया है।

खनन व भू विज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी है। गत दिवस एसआई राजेश व एएसआई रोशन लाल की टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान गांव नली पार से एचआर-05-बीएफ-5786 के नम्बर की ट्रैक्टर-ट्राली के चालक के पास ई-रवाना बिल प्राप्त नहीं हुआ। जिसके बाद वाहन की फोटो लेकर एचएसईएनबी करनाल में जब्त कर लिया गया। इसी प्रकार इंद्री पावर हाउस के नजदीक एसआई सुदेश व ईएचसी परमिंदर की टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एचआर-05-बीएफ-5786 नम्बर के एक 22-टायर ट्रक को संधीर रोड नीलोखेड़ी में गुरु कृपा धर्मकांटा से कांटा करवाया गया जिसमें ई-रवाना बिल से लगभग 33 मीट्रिक टन रेत अधिक पाया गया। वाहन को थाना बुटाना में जब्त किया गया।



## योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

- दुखभंजन मंदिर परिसर में राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित
- विभिन्न राज्यों से करीब 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पार्वती विद्यापीठ तथा इंडियन ट्रेडिशनल हेल्थ एसोसिएशन के तत्वावधान में अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद पीआरसीबी योग प्रमाण बोर्ड, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से दुखभंजन मंदिर परिसर में राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता कराई गई। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के करीब 200 सफल प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के उपाध्यक्ष तथा दत्तात्रेय आश्रम के महंत डॉ स्वामी शंकरानंद सरस्वती ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. मनीष कुकरेजा हरियाणा योग आयोग के सदस्य ने संबोधित किया। इंडियन ट्रेडिशनल हेल्थ एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा पार्वती विद्यापीठ के निदेशक प्रोफेसर डॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं 6 वर्ष के बच्चों से लेकर 70 वर्ष तक के लोगों के बीच थी। अलग-अलग उम्र के ग्रुप बना कर प्रतियोगिता की गई, जिनमें पुरुष और महिलाएं शामिल थे।

निर्णायक मंडल में साध्वी मोक्षिता, नंदिनी खातून, कंचन सरकार, रिंकी मंडल, तपन देवनाथ एवं ज्योतिर्मय पात्र शामिल थे। सफल प्रतिभागियों में 50-60 आयु महिला वर्ग में मोनी पटनायक प्रथम, 30-40 आयु महिला वर्ग में सुदेशना चक्रवर्ती प्रथम, 15-20 आयु पुरुष वर्ग में प्रतीक मुखर्जी, 20-30 आयु महिला वर्ग में सिंधु रानी सिंह प्रथम, 60+ आयु महिला वर्ग में सुछंद दास प्रथम, 20-30 आयु पुरुष वर्ग में पप्पू ठाकुर ने प्रथम तथा निहारिका साहा 10-15 वर्ष के आयु महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।




## नाबालिग लड़की से तीन युवकों ने किया दुष्कर्म

- वीडियो बनाने के बाद पीड़िता को ब्लैकमेल कर वारदात की
- तीनों आरोपियों पर पोक्सो एक्ट के आरोप में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में नाबालिग लड़की की वीडियो बनाने के बाद उसे ब्लैकमेल कर तीन युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मुबारिक, मकबुल व अजय ने उसकी वीडियो बना ली। जिसके बाद आरोपियों ने उसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने नौ मार्च को शाम साढ़े पांच बजे उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

#### वीडियो डिलीट नहीं की

मगर आरोपियों ने इसके बाद भी वीडियो डिलीट नहीं की। आरोपी फिर से उसके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगे। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## घर पर गोली चलाने वाले आरोपियों से असला जब्त

- आरोपी ने खेत में बना रखी थी अवैध असला बनाने की फैक्ट्री
- आरोपी के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, चोरी के 13 मामले हैं दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने बदरपुर में जान से मारने की नियत से घर पर गोली चलाने वाले आरोपियों से असला बरामद किया है।

पुलिस की टीम ने बदरपुर में घर पर गोली चलाने के आरोपी देशराज वासी नागल जिला सहारनपुर यूपी हाल वासी बदरपुर लाडवा, सचिन उर्फ सुमित वासी आदर्श नगर हिसार व सुरेश कुमार उर्फ मुन्ना वासी बनी जिला कुरुक्षेत्र से असला बरामद करने में सफलता हासिल की है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि रिमांड पर लिए गए आरोपियों से असला खरीदने की निशानदेही करवाने के लिए पुलिस टीम आरोपियों के साथ यूपी के शामली जिला के गांव मुंडेट खादर पहुंची।

#### खेत में मिला जखीरा

पुलिस की टीम जब आरोपी के खेत में पहुंची तो पुलिस टीम को नाजायज असले का जखीरा मिला। आरोपी ने अपने खेत में ही नाजायज असला बनाने की फैक्ट्री बना रखी थी। पुलिस टीम ने आरोपी और नाजायज असले को काबू किया। थाना थानाभवन की टीम ने मौका पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शराफत वासी मुंडेट खादर जिला शामली यूपी के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट, चोरी के 13 मामले दर्ज बताए गए हैं।

## साइबर ठगों ने हल्दीराम की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 31.76 लाख रुपये ठगे

- कंपनी की साइट पर फ्रेंचाइजी के लिए मांगे गए थे आवेदन
- फर्जी कस्टमर रिलेशन मैनेजर बनकर पीड़ित को लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने हल्दीराम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर न्यू हमीदा कॉलोनी निवासी संजय कुमार से 31.76 लाख रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार न्यू हमीदा कॉलोनी निवासी संजय कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हल्दीराम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर यमुनानगर में फ्रेंचाइजी के लिए आवेदन की मांग की गई थी। उसने इस साइट पर फ्रेंचाइजी के लिए आवेदन कर दिया। इसके बाद विपिन गुप्ता नाम के व्यक्ति का उसके पास फोन आया। आरोपी ने खुद को हल्दीराम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कस्टमर रिलेशन मैनेजर बताया।

आरोपी ने उसे फ्रेंचाइजी के लिए दस्तावेज जमा करवाने को कहा। उसने आरोपी पर विश्वास करके दस्तावेज साइट पर अपलोड कर दिए। इसके बाद आरोपी ने उसे रजिस्ट्रेशन फीस दो लाख 36 हजार रुपये जमा करवाने को कहा। उसने आरोपी के कहे अनुसार यह पैसे उसके द्वारा दिए गए अकाउंट में जमा करवा दिए। आरोपी ने उससे अलग-अलग करके 31.76 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जाम करवाए।

#### फर्जी मिला फोन नंबर

आरोपी ने 10 मार्च को उसे साइट की विजिट करने को कहा। मगर इसके बाद उसका छह मार्च से फोन बंद आ रहा है। जब उसे शक हुआ तो उसने बैंक में जाकर आरोपी द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर की जांच की तो वह किसी लोकनाथ स्वैन नाम के व्यक्ति का था। इसके बाद उसकी आरोपी व्यक्ति से बात नहीं हुई। उसने इस बारे पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

### उद्योग व्यापार मंडल की ओर से रादौर में कार्यक्रम का आयोजन

## उद्यमियों ने उठाई एक राष्ट्र-एक चुनाव की मांग

- बार-बार चुनाव होने से जनता पर ही पड़ता है आर्थिक बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

उद्योग व्यापार मंडल की ओर से रादौर के सफल पैलेस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कैप्टन एसएन शर्मा व सहसंयोजक मदन मोहन छाबड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने की। व्यापार मंडल सह संयोजक सुशील बत्रा की देखरेख में आयोजित हुए कार्यक्रम में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर अपने अपने विचार प्रकट किए। नेपाल राणा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि कैप्टन एसएन शर्मा व सह संयोजक मदनमोहन छाबड़ा ने कहा कि देश में इस समय एक राष्ट एक चुनाव की सख्त आवश्यकता है। देश में बार-बार कहीं न कहीं हर वर्ष चुनाव होने से आचार संहिता लगने पर विकास कार्यों में बाधा आती है। वहीं बार-बार चुनाव होने से भारी धन की भी बर्बादी होती है। लोकसभा चुनावों पर 125 हजार करोड़ रूपये का अनुमानित खर्च आता है। इसके अलावा पोस्टर, बैनर उम्मीदवारों का अन्य खर्च अलग होता है। सरकार का हर वोटर पर 114 रूपये खर्च आता है। प्रदेश में पहले लोकसभा उसके बाद विधानसभा के चुनाव हुए, अब नगरपालिका के चुनाव संपन्न हुए हैं। जिस कारण जनता चुनावों से किनारा करने लगी है, जिससे पॉलिंग हर बार कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव में केवल चुनाव के समय में 3 मशीनें ही लगानी होती हैं। 1952 से लेकर 1967 तक एक राष्ट एक चुनाव होते रहे हैं। चुनाव आयोग ने भी अपनी 170वीं रिपोर्ट में एक राष्ट एक चुनाव का सुझाव दिया है। लोकसभा चुनावों के बाद लगभग 10 प्रतिशत महंगाई बढ़ जाती है।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते अतिथि।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज, मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा, अमित गर्ग, अशोक गुंबर, संदीप सैनी आदि मौजूद थे।

## कार की टक्कर से सड़क किनारे युवक की मौत

- बूडिया गुरूद्वारा के पास हुआ हादसा, कार चालक पर केस
- गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बूडिया गुरूद्वारा के पास देर शाम कार ने सड़क किनारे जा रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रंग महल बूडिया निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित रंग महल बूडिया निवासी 19 वर्षीय पिंटू शाम सात बजे पैदल बूडिया गुरूद्वारे के पास से घर लौट रहा था।

इस दौरान तेज गति से आ रही आल्टो कार ने पिंटू को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिंटू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी आल्टो कार चालक कुछ देर रूकने के बाद मौके से फरार हो गया। लोगों ने पिंटू को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नगर निकाय चुनाव : यमुनानगर-जगाधरी और रादौर में भाजपा के कमल ने बिखेरी खुशबू

# भाजपा की सुमन बहमनी बनी जगाधरी-यमुनानगर की नई मेयर

# भाजपा के रजनीश मेहता शालु बने रौदार नपा के नए चेयरमैन

मेयर चुनाव में भाजपा की सुमन बहमनी ने किरण देवी को 73319 वोटों से और रौदार नपा चेयरमैन के लिए भाजपा के रजनीश मेहता शालु ने आजाद पूर्व पार्षद आजाद उम्मीदवार दलीप सिंह रिंकू को 546 वोटों से हराया। निगम चुनाव में सुमन बहमनी को 126749 व किरण देवी को मिले 53430 वोट। रादौर नपा चुनाव में रजनीश मेहता शालु को 3659 और दलीप सिंह रिंकू को 3113 वोट मिले। रादौर के वार्ड 9 में पूर्व पार्षद रविंद्र सैनी 3 वोटों से सबसे कम व रितु 566 सबसे अधिक वोटों से जीती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के चुनाव में मेयर के पद पर भाजपा प्रत्याशी सुमन बहमनी ने भारी मतों से जीत हासिल कर अपने प्रतिद्वदी कांग्रेस की प्रत्याशी किरण देवी को 73319 मतों से शिकस्त दी है। भाजपा प्रत्याशी सुमन बहमनी को कुल 126749 मत मिले। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी रही कांग्रेस की किरण देवी को कुल 53430 मत मिले। वहीं, निगम के 22 वार्डों में हुए पार्षद पदों के चुनाव में भाजपा 21 पार्षद पद जीतने में सफल हुई है। जबकि वार्ड नंबर 14 में आजाद प्रत्याशी सुनेना शर्मा पार्षद का पद जीतने में सफल हुई है। बुधवार सुबह मतगणना शुरु होते ही पहले ही राउंड मं भाजपा की मेयर प्रत्याशी सुमन बहमनी की लीड शुरु हो गई थी। मतों की गिनती के लिए 22 राउंड रखे गए थे। राउंड एक से लेकर 22 राउंड तक भाजपा प्रत्याशी सुमन बहमनी भारी मतो से लीड बनाती रही और अंत में मतगणना पूरी होने पर उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी किरण देवी को 73319 मतों से शिकस्त देकर मेयर पद का चुनाव जीत लिया। सुमन बहमनी को कुल 126749 मत मिले। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी कांग्रेस की प्रत्याशी किरण देवी को कुल 53430 मत मिले। जबकी तीसरे नंबर पर आजाद प्रत्याशी रही मधु को कुल 5671 मत मिले। वहीं, चौथे आजाद प्रत्याशी सुमन लता को 1839 मत मिले। जबकि नोटा को 2350 मत मिले।



### चुनाव में मिली जीत पर भाजपा का जश्न

*नगर निगम यमुनानगर के मेयर पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुमन बहमनी समेत रादौर के नपा चुनाव में चेयरमैन का पद जीतने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल की थाप पर नाचकर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगाधरी में भव्य जुलूस निकाला। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल का आगुवाई में भाजपा कार्यकर्ता ढोल की थाप पर जमकर नाचे। बुधवार को जैसे ही नगर निगम व नगर पालिका रादौर के चुनाव की मतगणना होने लगी तो भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हो लगे। दोपहर को जैसे ही नगर निगम यमुनानगर के मेयर के पद पर भाजपा प्रत्याशी सुमन बहमनी व रादौर के नगर पालिका चुनाव में चेयरमैन के पद पर भाजपा की जीत हुई तो भाजपा कार्यकर्ता जगाधरी के श्रीराम लीला भवन में एकत्र हो गए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल की थाप पर नाचकर एक दूसरे को बधाई दी। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई।*



यमुनानगर। विजयी जुलूस में पूर्व मंत्री कंवरपाल के नेतृत्व में ढोल की थाप पर नाचते हुए भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि।

### नगर निगम के 22 वार्डों में पार्षद के 21 पदों पर भाजपा ने लहराया जीत का परचम

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी में 22 वार्ड थे। इन वार्डों में पार्षद पद के हुए चुनाव में 21 वार्डों के पार्षद पदों पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया। जबकि एक पार्षद का पद आजाद प्रत्याशी सुनेना शर्मा जीतने में सफल हो गई। वार्ड नंबर एक में पार्षद के पद पर तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। जिनमें भाजपा की रीना ने 1523 मतों से चुनाव जीत लिया। उन्हें कुल 4766 मत मिले। जबकि उनकी प्रतिद्वदंदी रहे कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप सिंह को कुल 3243 मत मिले। इसी तरह वार्ड नंबर दो में भाजपा के अरुण कुमार 2978 मतों से चुनाव जीत गए। उन्हें कुल 5766 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी रहे कांग्रेस के प्रदीप कुमार को कुल 2788 मत मिले। वहीं, तीसरे आजाद प्रत्याशी रहे सुभाष चंद्र को 1813 मत मिले। वार्ड नंबर 3 में चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिनमें भाजपा के प्रत्याशी जयंत स्वामी 2789 मतों से जीतने में सफल हो गए। उन्हें कुल 5421 मत मिले। उनके प्रतिद्वंदी रहे आजाद प्रत्याशी कंचनप्रीत बतरा को 2632 मत मिले। वहीं, कांग्रेस से हार्दिक को 1260 मत मिले। वार्ड नंबर 4 में भाजपा प्रत्याशी रूचि ने 2088 मतों से चुनाव जीत लिया। उन्हें कुल 6627 मत मिले। जबकि दूसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी मंजु गुलिया को 4539 मत मिले।

वार्ड नंबर 5 में भाजपा के भानू प्रताप ने 2191 मतों से चुनाव जीत लिया। उन्हें कुल 5966 मत मिले। जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी विनय कुमार को 3775 मत मिले। इसी तरह वार्ड नंबर 6 में भाजपा प्रत्याशी अंकित कुमार 822 मतों के अंतर से चुनाव जीत गए। उन्हें कुल 4315 मत मिले। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मोहिंद्र को 3493 मत मिले। वार्ड नंबर 7 में भाजपा के प्रियांक कुमार शर्मा 2459 मतों के अंतर से चुनाव जीतने में सफल रहे। उन्हें कुल 3455 मत मिले। दूसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी सौरभ शर्मा को 996 मत मिले। वार्ड नंबर 8 में भाजपा प्रत्याशी विभोर पाहुजा 4510 मतों के अंतर से चुनाव जीत गए। उन्हें कुल 6267 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी रहे कांग्रेस के विजय कुमार मरवाह को कुल 1757 मत मिले। वार्ड नंबर 9 में भाजपा प्रत्याशी भावना पवन बिट्टू पहले ही सर्वसम्मति से पार्षद के पद पर चुनाव जीत चुकी हैं। वार्ड नंबर 10 में भाजपा प्रत्याशी किरण ने 3796 मतों से चुनाव जीत लिया। उन्हें 5621 मत मिले। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी रही कांग्रेस की अनीता रानी को 1824 मत मिले। वार्ड नंबर 11 में भाजपा प्रत्याशी संतोष ने 2634 मतो के अंतर से चुनाव जीत लिया। उन्हें 3763 मत मिले। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी रही कांग्रेस की राजरानी को 1129 मत मिले। इस वार्ड में आप की प्रत्याशी रचना को 968 मत मिले।

वार्ड नंबर 12 में भाजपा प्रत्याशी तिलक राज ने 1895 मतो के अंतर से चुनाव जीत लिया। उन्हें 5058 मत मिले। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मनोज नागरा को 3163 मत मिले। वार्ड नंबर 13 में भाजपा प्रत्याशी श्याम लाल ने 3824 मतो के अंतर से चुनाव जीत लिया। उन्हें कुल 4744 मत मिले। दूसरे नंबर पर आजाद प्रत्याशी मनजीत कौर को कुल 920, कांग्रेस प्रत्याशी शारदा रानी को 874 मत मिले। वार्ड नंबर 14 में आजाद प्रत्याशी योगेश शर्मा 151 मतों के अंतर से चुनाव जीत गए। उन्हें 3386 मत मिले। जबकि भाजपा की संगीता सिंघल को 3235 मत मिले। कांग्रेस की सलमा को कुल 2681 मत मिले। वार्ड नंबर 15 में भाजपा प्रत्याशी मनु कृष्ण सिंगला 3607 मतों के अंतर से चुनाव जीत गए। उन्हें 5892 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी रहे आजाद प्रत्याशी मनीषा प्रिंस डग्गा को 2285 मत मिले। वार्ड नंबर 16 में भाजपा के संदीप धीमान 3788 मतो के अंतर से चुनाव जीत गए। उन्हें कुल 5740 मत मिले। दूसरे नंबर पर आजाद प्रत्याशी स्नेहलता को कुल 1952 मत मिले। वार्ड नंबर 17 में भाजपा प्रत्याशी दीक्षित ने 349 मतों अंतर से जीत दर्ज की।

उन्हें कुल 3830 मत मिले। जबकि आजाद प्रत्याशी अमन जावला को 3481 मत मिले। कांग्रेस प्रत्याशी अमित कुमार को 673 मत मिले। वार्ड नंबर 18 में भाजपा के प्रत्याशी उज्जवल बणयाल 780 मतो के अंतर से चुनाव जीत गए। उन्हें कुल 4147 मत मिले। वहीं, दूसरे नंबर पर कांग्रेस के तरसेम ने 3367 मत हासिल किए। जबकि बीएसपी के अमन शर्मा ने 867, आप के रघुबीर सिंह ने 367 मत हासिल किए। वार्ड नंबर 19 में भाजपा प्रत्याशी हरजीत आनंद ने 471 मतो के अंतर से चुनाव जीत लिया। उन्हें 3221 मत मिले। जबकि उनकी प्रतिद्वंदी रहे कांग्रेस के विक्रांत को 2750 मत मिले। वार्ड नंबर 20 में भाजपा प्रत्याशी विक्रम सिंह ने 1129 मतो के अंतर से चुनाव जीत लिया। उन्हें 3437 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी रहे आजाद प्रत्याशी नीरज राणा को 2308 मत मिले। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश डूमरा को 1818 मत मिले। वहीं, आजाद प्रत्याशी राजिंद्र सिंह 2308 मत हासिल करने में सफल रहे। वार्ड नंबर 21 में भाजपा प्रत्याशी मनजीत कौर ने 1906 मतो के अंतर से चुनाव जीत लिया। उन्हें कुल 4544 मत मिले। जबकि दूसरे स्थान पर कांग्रेस प्रत्याशी रीना देवी को कुल 2638 मत मिले। वार्ड नंबर 22 में भाजपा प्रत्याशी रूचि शर्मा ने 2485 मतो के अंतर से चुनाव जीत लिया। उन्हें कुल 4126 और उनकी खिलाफ चुनाव लड़ रही कांग्रेस की दर्शना को 1641 मत मिले।



रादौर। जीत के बाद समर्थकों के साथ खुशी मनाते प्रत्याशी व समर्थक।

### रादौर में पार्षद पद को लेकर हुआ कड़ा मुकाबला

रादौर नपा के पार्षद पदों के लिए 14 वार्डों को लेकर हुए चुनाव में पार्षद पद को लेकर कई वार्डों में कड़ी टक्कर हुई। रितु ने 566 वोट की सबसे बड़ी और रविंद्र ने 3 वोट की सबसे छोटी जीर्त दर्ज की। वार्ड नंबर 11 में रितु रानी ने डिंपल को 556 वोटों और वार्ड 9 में पूर्व पार्षद रविंद्र सैनी ने रोहित सैनी को मात्र 3 मतों से हराया। वार्ड 7 में दलजीत कौर ने 7 मतों से सुनीता मक्कड़, वार्ड 12 में सुशील कुमार ने अभिषेक को 12, वार्ड 1 में संदीप कुमार ने अभिमन्यू को 15, वार्ड 2 में राजीव आर्य सन्नी ने ममता देवी को 86, वार्ड 3 में श्रीकांत मोंटी ने गौरव चौहान मोंटी को 177, वार्ड 4 में पूर्व पार्षद जसंवत सिंह ने नपा के पूर्व वाइस चेयरमैन रोशनलाल सैनी को 33, वार्ड 5 में बबली सैनी ने रजनीश सैनी को 98, वार्ड 6 में भगवत दयाल कटारिया ने श्रेय गुप्ता को 18, वार्ड 7 में दलजीत कौर ने सुनीता रानी को 7, वार्ड नंबर 8 में विनिश राणा ने विजय कुमार को 102, वार्ड 9 में रविंद्र सैनी को 323 मत व रोहित सैनी को 320 मत मिले। वार्ड 10 में बेअंत कौर ने प्रवेश रानी को 98, वार्ड 11 में रितु रानी को 696 मत व डिंपल को 140 मत, अर्चना सैनी को 38 वोट मिले। वार्ड 12 में सुशील कुमार ने अभिषेक को 12, वार्ड 13 में ऋषिपाल ने कृष्ण कुमार को 272, वार्ड 14 में स्मृति रानी ने अंजना देवी को 32 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। स्मृति रानी को 460 मत व अंजना देवी को 428 मत प्राप्त हुए। चेयरमैन पद के लिए भाजपा के रजनीश मेहता शालु को 3659, आजाद दलीप सिंह रिंकू को 3113, महेंद्र पाल टीना को 1294, अजय राव छोटाबांस 911 और सतविंदर सिंह रिंकू को 483 वोट मिले।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों में बिजनेस के प्रति जागरूक

**रादौर।** जेएमआईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में हिटबुल आई संस्थान के सहयोग से फ्यूचर बिजनेस शार्क नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में दीपिका मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर सुरभि गिलोत्र ने बताया कि कैसे हम उद्यमशीलता को बढ़ावा एवं छोटी कंपनी से बड़ी कंपनी में कैसे परिवर्तन कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं में बिजनेस के प्रति जागरूकता एवं उद्यमशीलता की भावना को पूर्ण रूप से बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में संस्थान के सभी विद्यार्थियों व शिक्षक गणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## पीपी किट पहनकर सफाई करेंगे नगर निगम के सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

निगम के सफाई कर्मचारी अब पीपी किट पहनकर सफाई करेंगे। सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा को देखते हुए निगम द्वारा कर्मचारियों को पीपी किट उपलब्ध करवाई गई। पीपी किट में रिफ्लेक्टर जैकेट, दस्ताने व अन्य सामान है। किट पहनकर रात के समय सफाई करते समय हादसों का भी खतरा नहीं रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान में रखते हुए कर्मियों को गंदगी उठाने के लिए हाथों में दस्ताने पहनने के लिए दिए गए है।

सीएसआई सुनील दत्त ने जोन दो के वार्ड नंबर 12 से 22 में कार्यरत सफाई कर्मियों को पीपी किट दी। जोन एक के वार्ड एक से 11 तक के सफाई कर्मियों को सीएसआई हरजीत सिंह द्वारा पीपी किट दी जानी है। निगम आयुक्त ने कुछ दिन पहले सफाई अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सभी सफाई कर्मचारियों को पीपी किट देने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि हमारे सफाई मित्र अर्थात सफाई कर्मी दिनभर गंदगी में काम करते है। गंदगी को हाथों से साफ करते है। रात के समय सड़कों की



सफाई करते है। उनकी सुरक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सभी को पीपी किट दी जाए। इसके अलावा सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

जोन दो के सफाई कर्मचारियों की सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कराई गई। जांच में सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य सही मिला। न इसलिए उनकी सुरक्षा के साथ साथ उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी जरूरी है। समय समय पर सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य जांच कराई जाए। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में सहयोग दें। अपने शहर को साफ बनाए रखने के लिए खुले में कचरा न फेंके। कचरा केवल डोर टू डोर वाहनों में ही अलग अलग करके डाले। उन्होंने कहा कि आमजन भी सफाई कर्मचारियों का सहयोग करें।

### रास्ता रोककर महिला से छेड़छाड़, केस दर्ज

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने महिला को रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव की 40 वर्षीय महिला ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को शाम सात बजे गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान उनके गांव के ही परमजीत कश्यप ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ परिजनों को बताया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- शाम को गांव में महिला के किसी काम से जाते समय की वारदात।

## राष्ट्रीय कोलाज मेकिंग स्पर्धा में छात्रा खुशी रही प्रथम

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में बुधवार को ऑनलाइन राष्ट्रीय कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें भावनाओं, आधुनिक होली, खुशी के रंग व बॉलीवुड होली विषय रहा। प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश और चित्तौड़गढ़ के विभिन्न कॉलेजों के 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यवाहक प्रिंसीपल डॉ. प्रतिमा शर्मा ने शुभारंभ किया।

इसमें एसडीआईएमटी जगाधरी की खुशी ने पहला स्थान, आरकेएसडी कॉलेज कैथल की वर्तिका ने दूसरा और मेवाड़ विश्वविद्यालय के विश्वास कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. राम कुमार, प्रो. शालिनी व डॉ. मनपुनीत ने निभाई। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा, डॉ. अशोक खुराना, डॉ. जसविंद्र कौर व डॉ. राजिंदर सिंह वोहरा ने प्रतिभागियों के प्रति अपनी प्रशंसा की। सह समन्वयक प्रो. पूजा रामा, डॉ. श्वेता सचदेवा, संयोजक प्रो. जसप्रीत सिंह, प्रो. रेणु, प्रो. मंगीत कौर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने आयोजन टीम और प्रतिभागियों को सराहा।

### आर्य समाज का 41वां वार्षिकोत्सव 15 मार्च को बुबका में

**रादौर।** महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जन्म जयंती व आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आर्य समाज बुबका का 41वाँ वार्षिक उत्सव शनिवार 15 मार्च को आर्य समाज भवन बुबका में मनाया जा रहा है। आ ईश्वर चंद आर्य, धर्मपाल आर्य व राजबीर आर्य ने संयुक्त रूप से बताया कि सुबह हवन व भजनोपदेश, तदोपरांत ग्रामीण शोभायात्रा दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक उसके बाद रात्रिकालीन सभा रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक होगी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजनोपदेशक व आर्य समाज के प्रसिद्ध विद्वान भी अपने विचार रखेंगे।

### पूर्व मंत्री विजयी जुलूस में कार्यकर्ताओं संग झूमे

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा के नेतृत्व में नगर में भव्य जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस नगर के ट्रैफिक पार्क के नजदीक कमानी चौक से शुरु होकर ,शहीद भगत सिंह चौक, फव्वारा चौक, महाराजा अग्रसैन चौक, प्यारा चौक, मधु चौक, अग्रसेन चौक, बुड़यिा चौक, पत्थरों वाला बाजार, झंडा चौक, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, जगाधरी बस स्टैंड, पंचायत भवन, गोबिंदपुरा से होते हुए नवनिर्वाचित मेयर सुमन बहमनी के निवास संजय विहार में संपन्न हुआ।

#### पूर्व मंत्री बोले, जनता की जीत शहर में लोगों के होंगे काम

पूर्व मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जनता ने स्थानीय सरकार बनाकर भाजपा की नीतियों पर मोहर लगाई है। अब स्थानीय भी भाजपा की सरकार बनने पर लोगों के कार्य होंगे और विकास की ब्यार आएगी। उन्होंने जिलेवासियों को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता की जीत है। मौके पर नवनिर्वाचित मेयर सुमन बहमनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं व समर्थकों को बधाई दी। उन्होंने उन्हें विजयी बनाने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया।

## सीएसआई ने किया पार्कों का निरीक्षण सफाई व्यवस्था व रखरखाव को जांचा

- लोगों को पार्क गोद लेने के लिए प्रेरित करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के लिए सीएसआई सुनील दत्त ने शहर के पार्कों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था जांची। उन्होंने पार्क के आसपास रहने वाले लोगों से बातचीत की और उन्हें पार्क की देखभाल करने के लिए सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आसपास के लोगों को पार्क एसोसिएशन बनाकर पार्क की देखरेख करने का आह्वान किया।

सीएसआई सुनील दत्त ने जनता से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह, पूर्वजों की पुण्यतिथि व अन्य अवसरों पर सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण करवाए। पौधरोपण करें। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाएं धार्मिक और राष्टीय त्योहारों के उप्लक्ष में वेस्ट चीजों का दोबारा से इस्तेमाल कर बेहतर बनाए।



यमुनानगर। पार्क का निरीक्षण करते सीएसआई सुनील दत्त व अन्य।

### सौंदर्यकरण के निर्देश

पुराने टायर का इस्तेमाल कर झूले और बैठने की व्यवस्था करना, पुराने लोहे के टीन का इस्तेमाल कर डस्टबिन बनाना या उनको सजा कर पार्कों का सौंदर्यीकरण करना, प्लास्टिक की बोतल और डिब्बों में सुंदर पौधे लगाने के निर्देश दिए।

### पेड़ों पर होगा रंग

पेड़ों के ऊपर पेंट कर स्वच्छता के संदेश लिखना, लोहे और खेलों के सामान का इस्तेमाल कर आकर्षक चीजे बनाकर पार्कों का साफ और सुंदर बनाने में सहयोग दे। ब्रांड एंबेसडर शशी गुप्ता ने कहा कि पार्कों में कम्पोस्ट पिट तैयार करके किचन वेस्ट और बागवानी वेस्ट का इस्तेमाल कर खाद बनाए तो पर्यावरण सरंक्षण के सहयोग दें। इससे स्वच्छ सर्वेक्षण में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दिलाने में भी सहयोग होगा। मौके पर एसआई बिट्टू, एसआई सुमित और स्टोर इंचार्ज रणबीर इत्यादि नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अवैध खनन पर जिला प्रशासन सख्त, 15.56 लाख किया जुर्माना

# 40 वाहनों के काटे चालान और 3 किए सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में हो रहे अवैध खनन को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीम ने बीती रात संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाकर 40 वाहनों के चालान किए जबकि तीन वाहनों को सीज किया गया। अवैध खनन से भरी सामग्री लोड करने वाले वाहनों पर 15.56 लाख रुपये का जुर्माना भी किया गया। डीसी ने बताया कि जिले में चलाए गए चैकिंग अभियान के तहत 1488 वाहनों की चैकिंग की गई। जिसमें 40 वाहनों के चालान किए गए और तीन वाहनों को सीज किया गया।

यमुनानगर जिले से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई-रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन-रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर ई-रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही है वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।




- संयुक्त टीम ने चलाया संयुक्त चैकिंग अभियान

यमुनानगर। चैकिंग अभियान के तहत वाहनों की जांच करते अधिकारी।

### इन टीमों ने चलाया चैकिंग अभियान

उपायुक्त ने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों ने 750 वाहनों की चैकिंग के दौरान आरटीए विभाग ने एक वाहन सीज कर पांच वाहनों का चालान कर 4 लाख 60 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया। एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 109 वाहनों की चैकिंग के दौरान 13 वाहनों का चालान कर एक लाख 67 हजार रुपये का जुर्माना किया। एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 502 वाहनों की चैकिंग के दौरान दो वाहनों को सीज किया गया तथा 15 वाहनों का चालान कर चार लाख 57 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 127 वाहनों की चैकिंग के दौरान सात वाहनों का चालान कर चार लाख 71 हजार 500 रुपये जुर्माना लगाया गया। जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर दिन-रात चैकिंग की जा रही है।



यमुनानगर। अस्पताल में एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण करते डीसी।

### एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर का किया निरीक्षण

**यमुनानगर।** डीसी पार्थ गुप्ता ने सिविल अस्पताल स्थित एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया। डीसी ने अस्पताल प्रशासन और मेडिकल टीम के प्रयासों की सराहना की। सिविल सर्जन व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह ने बताया कि 15 बेड के एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर में 12 जून 2024 से मरीजों को सुविधा मिल रही है। सेंटर में अभी तक 350 से अधिक मरीज भर्ती हो चुके हैं और उन्हें उपचार प्रदान किया गया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए इलाज के साथ-साथ जागरूकता भी जरूरी है। अस्पताल प्रशासन और मेडिकल टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सुविधाएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेंगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नशे के प्रति सतर्क रहें और अपने परिवार व समाज को इससे बचाने में सहयोग करें। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. बुलबुल कटारिया ने बताया कि नशे और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हमारी टीम विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। नशे के दुष्प्रभावों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि लोग नशे से दूर रह सकें और मानसिक रूप से स्वस्थ जीवन जी सकें।

## ढोल की थाप पर नाचे भाजपा वर्कर ▶▶ मनाई होली ▶▶ निकाला विजय जुलूस

# थानेसर नप में भाजपा का कब्जा, माफी देवी ने की जीत दर्ज



कुरुक्षेत्र। इस्माईलाबाद प्रधान पद के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेघा बंसल को प्रमाण पत्र देते रिटर्निंग अधिकारी एवं एमडी शुगर मिल विरेन्द्र चौधरी।



कुरुक्षेत्र। भाजपा प्रत्याशी माफी देवी को प्रमाण पत्र देते रिटर्निंग अधिकारी सतेन्द्र सिवाच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिले की थानेसर नगर परिषद में प्रक्रिया पूरी हुई, जिसमें भाजपा का नगर परिषद पर कब्जा बरकरार रहा। थानेसर नगर परिषद में पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का जादू जमकर चला। इस चुनाव में राज्य मंत्री सुभाष सुधा, उनकी धर्मपत्नी नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा व पुत्र भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा ने जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। इसी का ही परिणाम है कि थानेसर नगर परिषद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी माफी देवी ने भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की। माफी देवी 32577 मतों से विजय घोषित हुई। माफी देवी को 47828 मत प्राप्त हुए। दूसरे नंबर कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता कुमारी को 15251 मत प्राप्त हुए। आप प्रत्याशी रुकमणी बाल्मिकी को 2868, बसपा प्रत्याशी राजबाला को 1840 और आजाद प्रत्याशी रतन कौर को 655 मत प्राप्त हुए। इस बार नगर परिषद के चयरपर्सन पद का चुनाव ईवीएम द्वारा हुआ। चेयरपर्सन पद के लिए हुए चुनाव में 908 मतदाताओं ने वोट का प्रयोग किया।

### माफी देवी ने जताया मतदाताओं का आभार



माफी देवी।

थानेसर नगर परिषद से भाजपा प्रत्याशी माफी देवी ने जीत के बाद मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि आपने मुझ पर विश्वास जताया और मुझे नगर परिषद का अध्यक्ष चुनकर अपनी सेवा का अवसर दिया। यह जीत केवल मेरी नहीं है, यह हम सबकी सामूहिक जीत है — आपके विश्वास, समर्थन और सहयोग की जीत है। मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि आपके इस भरोसे को मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगी। थानेसर के विकास, सफाई, सुरक्षा और समृद्धि के लिए मैं पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य करूंगी।

### इस्माईलाबाद में प्रधान पद के उपचुनाव में मेघा बंसल की जीत

*इस्माईलाबाद प्रधान पद उपचुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एमडी शुगर मिल विरेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस्माइलाबाद नगरपालिका के प्रधान पद के उपचुनाव के लिए मतों की गणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है। इस नगरपालिका के प्रधान पद के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेघा बंसल को 311 वोट से जीत मिली है। आरओ एवं एमडी शुगर मिल विरेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस्माईलाबाद प्रधान पद के उपचुनाव में मेघा बंसल को 2766, एकता को 136, दीपशिखा को 2455, निशा रानी को 432, हरजीत गोतरा को 910 वोट प्राप्त हुए है। इस उप चुनाव में 6841 मतों की गणना की गई है। इस प्रकार प्रधान पद के उपचुनाव में मेघा बसंल को 311 वोट से विजय मिली है।*

### 25 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी विजयी रहे व 7 पर आजाद प्रत्याशियों ने की जीत दर्ज

वही थानेसर नगर परिषद के 30 वार्डों में हुए चुनाव में दो पार्षद पहले ही निर्विरोध चुने जाने के बाद 30 वार्डों की मतगणना में 25 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी विजयी रहे व 7 वार्डों पर आजाद प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद सहित वार्ड प्रत्याशियों की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर नाचकर व रंग-गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा की विजयी प्रत्याशी माफी देवी, युवा नेता मलकीत ढांडा, युवा नेता साहिल सुधा, भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने जीत के बाद शहरभर में विजय जुलूस निकालकर मतदाताओं का आभार जताया। थानेसर नगर परिषद चेयरमैन का चुनाव वर्ष 1995 से अब तक पांच बार आयोजित हो चुके हैं। इनमें से चार बार चेयरमैन पद पर आसीन होने का खिताब सुधा परिवार के नाम रहा है। 2005 से लगातार तीन प्लान जीत का ताज सुभाष सुधा की पत्नी उमा सुधा के सिर सजा। बता दें कि पिछले 20 साल से थानेसर नगरपरिषद में महिला ही चेयरपर्सन हैं। पिछले तीन प्लान यानि 15 साल से मौजूदा विधायक की पत्नी उमा सुधा चेयरपर्सन रही है। उमा से पहले सन 2000 में लोकदल के राज में पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कांतारानी सिंगला को नप चेयरपर्सन बनवाया था। अबकी बार थानेसर नप की कुर्सी महिला आरक्षित होने के चलते अब अगले पांच साल तक नगर परिषद थानेसर की कमान महिला ही संभालेगी।

**नगर परिषद थानेसर अध्यक्ष पद : किस राउंड में किसे कितनी वोट मिली**

| उम्मीदवार | पार्टी | राउंड-01 | राउंड-02 | राउंड-03 | राउंड-04 | राउंड-05 | राउंड-06 | राउंड-07 | राउंड-08 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| माफी देवी | भाजपा | 6927 | 6421 | 6267 | 5676 | 6976 | 5486 | 5582 | 4493 | 47828 |
| सुनीता नेहरा | कांग्रेस | 1932 | 1285 | 2731 | 2023 | 2196 | 1904 | 1982 | 1198 | 15251 |
| रुकमणी बाल्मिकी | आप | 958 | 110 | 261 | 132 | 283 | 268 | 454 | 402 | 2868 |
| राजबाला | बसपा | 353 | 195 | 277 | 247 | 211 | 287 | 152 | 118 | 1840 |
| रतन कौर | आजाद | 95 | 42 | 90 | 203 | 60 | 88 | 65 | 12 | 655 |
| नोटा | | 131 | 99 | 108 | 115 | 188 | 102 | 97 | 68 | 908 |

◆ भाजपा का नगर परिषद पर कब्जा बरकरार, राज्यसभा सांसद सुभाष सुधा का जादू जमकर चला



कुरुक्षेत्र। विजय जुलूस निकालते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा की विजय प्रत्याशी माफी देवी, साहिल सुधा व मलकीत ढांडा।

## नगर परिषद थानेसर के वार्डों की मतगणना का ब्यौरा

| | |
|---|---|
| **-वार्ड 1** | |
| भाजपा प्रत्याशी गौरव कुमार | 1140 |
| आजाद उम्मीदवार आकाश भट्ट | 865 |
| आजाद उम्मीदवार कुलविन्द्र कौर | 178 |
| नोटा | 20 |
| कुल | 2203 |
| **-वार्ड 2** | |
| भाजपा प्रत्याशी प्रवीण शर्मा | 2338 |
| आजाद उम्मीदवार निशा | 299 |
| आजाद उम्मीदवार नीलम रानी | 17 |
| आजाद उम्मीदवार संजना | 17 |
| नोटा | 22 |
| कुल | 2693 |
| **-वार्ड 3** | |
| भाजपा प्रत्याशी सिमरन | 824 |
| आजाद उम्मीदवार आरजू | 469 |
| आजाद उम्मीदवार राज रानी | 412 |
| नोटा | 24 |
| कुल | 1729 |
| **-वार्ड 4** | |
| भाजपा प्रत्याशी कमल किशोर | 1022 |
| आजाद उम्मीदवार नरेश कुमार | 689 |
| आजाद उम्मीदवार धन सिंह | 671 |
| नोटा | 28 |
| कुल | 2410 |
| **-वार्ड 5** | |
| भाजपा प्रत्याशी संदीप कोहली | 986 |
| आजाद उम्मीदवार विवेक | 800 |
| आजाद उम्मीदवार निश्चल | 293 |
| नोटा | 09 |
| कुल | 2088 |
| **-वार्ड 6** | |
| भाजपा के प्रत्याशी ज्योति | 1331 |
| आजाद उम्मीदवार मनीषा | 368 |
| नोटा | 16 |
| कुल | 1715 |
| **-वार्ड 7** | |
| भाजपा प्रत्याशी निशा रानी (निर्विरोध) | |
| **-वार्ड 8** | |
| भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार | 1285 |
| आजाद उम्मीदवार जगत सिंह | 258 |
| नोटा | 23 |
| कुल | 1566 |
| **-वार्ड 9** | |
| भाजपा प्रत्याशी मानक सिंह | 1063 |
| आजाद उम्मीदवार दीपक | 1051 |
| आजाद उम्मीदवार शुभम | 113 |
| नोट | 08 |
| कुल | 2235 |
| **-वार्ड 10** | |
| भाजपा प्रत्याशी पंकज खन्ना | 821 |
| आजाद उम्मीदवार निर्मल सिंह | 614 |
| आजाद उम्मीदवार रविन्द्र कुमार | 436 |
| आजाद उम्मीदवार सतनाम सिंह | 102 |
| नोट | 10 |
| कुल | 1983 |
| **-वार्ड 11** | |
| भाजपा प्रत्याशी सुषमा मेहता | 1352 |
| आजाद उम्मीदवार विभा शर्मा | 798 |
| नोटा | 20 |
| कुल | 2170 |
| **-वार्ड 12** | |
| भाजपा प्रत्याशी दरबार सिंह | 800 |
| आजाद उम्मीदवार नरेश कुमार | 132 |
| आजाद उम्मीदवार राजेन्द्र कुमार | 1364 |
| आजाद उम्मीदवार सतबीर सिंह | 240 |
| नोटा | 10 |
| कुल | 2546 |
| **-वार्ड 13** | |
| भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत हरयाल | 1331 |
| आजाद उम्मीदवार जयभगवान | 605 |
| आजाद उम्मीदवार महिन्द्र सिंह | 126 |
| आजाद उम्मीदवार रविन्द्र कुमार | 377 |
| नोटा | 11 |
| कुल | 2449 |
| **-वार्ड 14** | |
| भाजपा प्रत्याशी बखशीश कौर | 1146 |
| आजाद उम्मीदवार शारदा | 486 |
| नोटा | 12 |
| कुल | 1644 |
| **-वार्ड 15** | |
| भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल | 1653 |
| आजाद उम्मीदवार आशु गाबा | 511 |
| नोटा | 17 |
| कुल | 2181 |
| **-वार्ड 16** | |
| भाजपा प्रत्याशी सरिता देवी | 1093 |
| आजाद उम्मीदवार गुरप्रीत कौर | 1242 |
| आजाद उम्मीदवार रतन कौर | 194 |
| नोटा | 23 |
| कुल | 2552 |
| **-वार्ड 17** | |
| भाजपा प्रत्याशी प्रेम नारायण | 1076 |
| आजाद उम्मीदवार कुलदीप | 762 |
| नोटा | 13 |
| कुल | 1851 |
| **-वार्ड 18** | |
| भाजपा प्रत्याशी श्याम लाल | 1249 |
| आजाद उम्मीदवार अनिरुद्ध | 1575 |
| नोटा | 34 |
| कुल | 2858 |
| **-वार्ड 19** | |
| भाजपा प्रत्याशी मुकंद लाल सुधा | 1149 |
| आजाद उम्मीदवार राजेश कुमार | 718 |
| आजाद उम्मीदवार हुलास सतीजा | 378 |
| नोटा | 10 |
| कुल | 2255 |
| **-वार्ड 20** | |
| भाजपा प्रत्याशी मनिन्द्र सिंह | 1654 |
| आजाद उम्मीदवार महेश कुमार | 600 |
| नोटा | 11 |
| कुल | 2265 |
| **-वार्ड 21** | |
| भाजपा प्रत्याशी एकता गोयल | 1033 |
| आजाद उम्मीदवार नेहा गुप्ता | 1191 |
| नोटा | 23 |
| कुल | 2247 |
| **-वार्ड 22** | |
| भाजपा प्रत्याशी चेतन | 802 |
| आजाद उम्मीदवार ओम प्रकाश | 341 |
| आजाद उम्मीदवार मनिंद्र सिंह | 326 |
| नोटा | 35 |
| कुल | 1504 |
| **-वार्ड 23** | |
| भाजपा प्रत्याशी गुरजीत सिंह | 888 |
| आजाद उम्मीदवार परमवीर | 1065 |
| नोटा | 30 |
| कुल | 1983 |
| **-वार्ड 24** | |
| भाजपा प्रत्याशी पूजा | 1367 |
| आजाद उम्मीदवार जीवन ज्योति | 659 |
| नोटा | 22 |
| कुल | 2048 |
| **-वार्ड 25** | |
| भाजपा प्रत्याशी आशु बाला | 1159 |
| आजाद उम्मीदवार नीतू रानी | 779 |
| आजाद उम्मीदवार रेखा | 28 |
| आजाद उम्मीदवार रेशमा रानी | 388 |
| नोटा | 13 |
| कुल | 2367 |
| **-वार्ड 26** | |
| भाजपा प्रत्याशी प्रिया रानी | 773 |
| आजाद उम्मीदवार गीता रानी | 225 |
| आजाद उम्मीदवार चेतना | 151 |
| आजाद उम्मीदवार संतोष देवी | 630 |
| नोटा | 08 |
| कुल | 1787 |
| **-वार्ड 27** | |
| भाजपा प्रत्याशी धनराज | 1073 |
| आजाद उम्मीदवार पृथ्वीराज | 196 |
| आजाद उम्मीदवार रविन्द्र भट्टी | 471 |
| आजाद उम्मीदवार हेम चंद्र | 153 |
| नोटा | 11 |
| कुल | 1904 |
| **- वार्ड 28** | |
| भाजपा प्रत्याशी रेखा | 1110 |
| आजाद उम्मीदवार डा. दीक्षा | 76 |
| आजाद उम्मीदवार पूजा दहिया | 169 |
| आजाद उम्मीदवार विजय लक्ष्मी | 516 |
| आजाद उम्मीदवार सीमा देवी | 540 |
| नोटा | 06 |
| कुल | 2442 |
| **-वार्ड 29** | |
| भाजपा प्रत्याशी रामराज | 1320 |
| आजाद उम्मीदवार मन्नू जैन | 1497 |
| नोटा | 20 |
| कुल | 2837 |
| **-वार्ड 30** | |
| भाजपा प्रत्याशी वेद प्रकाश | 1217 |
| आजाद उम्मीदवार नरेन्द्र | 1313 |
| आजाद उम्मीदवार राजेंद्र | 31 |
| नोटा | 13 |
| कुल | 2574 |
| **-वार्ड 31** | |
| भाजपा प्रत्याशी कवि बजाज | 1901 |
| आजाद उम्मीदवार गौरव शर्मा | 1137 |
| आजाद उम्मीदवार ममता रानी | 234 |
| नोटा | 11 |
| कुल | 3283 |
| **-वार्ड 32** | |
| भाजपा प्रत्याशी सुधीर कुमार चुघ (निर्विरोध) | |

# होली में अपनी बुराइयों की आहुति डाल अच्छे गुणों को अपनाए : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन के अध्यक्ष व श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु विशेषज्ञ डॉक्टर मिश्रा ने बताया होली का त्यौहार इस बार शुक्रवार 14 मार्च 2025 को मनाया जाएगा। इससे पहले गुरुवार 13 मार्च 2025 को होलिका दहन है। होली की तैयारी हर घर में शुरू हो गई है। घरों के साथ-साथ बाजार भी सजने लगे हैं। होली के दिन लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हैं और पुराने गिले-शिकवों को दूर करते हैं। होलिका की पवित्र आग में लोग जौ की बाल और शरीर पर लगाए गए सरसों के उबटन को डालते हैं। ऐसी मान्यता है कि ये करने से आपके घर में खुशी और शान्ति आती है। गोबर से बनी होलिका और प्रहलाद की प्रतिमाएं, माला, रोली, फूल, कच्चा सूत, साबुत हल्दी, मूंग, बताशे, गुलाल, पांच या सात प्रकार के अनाज जैसे नए गेहूं और अन्य फसलों की बालियां, एक लोटा जल, बड़ी-फुलौरी, मीठे पकवान, मिठाइयां और फल।



डा. सुरेश मिश्रा।

### शुभ मुहूर्त

डॉ .मिश्रा ने बताया कि पंचांग दिवाकर के अनुसार 13 मार्च 2025 भद्रामुखकाल रात्रि 8 बजकर 18 मिनट से 10 बजकर 27 मिनट तक रहेगा तथा भद्रा पुच्छकाल रात्रि 7 बजे से 8 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। अतएव आवश्यक परिस्थितिवश भद्रामुखकाल को त्याग कर भद्रा पुच्छकाल में होलिका दहन किया जा सकता है। परन्तु शास्त्र निर्देश अनुसार भद्रा बाद रात्रि 11 बजकर 31 मिनट के बाद तथा निशीथ काल से पहले रात्रि 12 बजकर 37 मिनट तक ही होलिका दहन करना चाहिए।

### पूजा-विधि

डॉ. मिश्रा ने बताया होलिका दहन से पूर्व होली का पूजन करने का विधान है। इस समय जातक को पूजा करते वक्त पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके बैठना चाहिए। पूजन करने के लिए माला, रोली, गंध, पुष्प, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी, मूंग, बताशे, गुलाल, नारियल, पांच प्रकार के अनाज में गेहूं की बालियां और साथ में एक लोटा जल रखना चाहिए और उसके बाद होलिका के चारों ओर परिक्रमा करनी चाहिए।

### पौराणिक महत्व

होलिका से जुड़ी कथा के अनुसार कहा जाता है कि होलाष्टक के दिन से भक्त प्रह्लाद को कारागार में बंद कर दिया गया था और होलिका में जलाने की तैयारी की गई थी। वहीं दूसरी कहानी के अनुसार कहा जाता है कि भगवान शिव ने होलाष्टक के दिन में कामदेव को भस्म किया था।

## एचपीएससी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

■ 25 स्कूलों के प्रधानाचार्य, निदेशकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया

कुरुक्षेत्र। बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र में हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस की जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन हुआ। मीटिंग का शुभारंभ एसोसिएशन के पदाधिकारियों दीपक चोपड़ा, प्रशांत मुंजाल, विकास गाबा, सौरभ कपूर द्वारा माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन तथा विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ईश वंदना की प्रस्तुति के साथ हुआ। मीटिंग में जिला कुरुक्षेत्र के सी.बी.एस.ई. से संबद्ध लगभग 25 स्कूलों के प्रधानाचार्य, निदेशकों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विद्यालयों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और विद्यालयों के पारस्परिक सहयोग पर चर्चा करना रहा। इस कार्यक्रम में बी. आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, विजडम वर्ल्ड स्कूल, डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र, नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र, अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल पिहोवा, पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र सहित सभी स्कूलों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।



## ट्रिपल इंजन की सरकार भाजपा की नीति और नीयत पर है जनता की मुहर : अनिल वर्मा

कुरुक्षेत्र। थानेसर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुए स्थानीय निकाय के चुनावों में बड़े मार्जिन के साथ भाजपा मेयर प्रत्याशियों और वार्ड पार्षदों के जीत हासिल करने से ट्रिपल इंजन की तीसरी सरकार का गठन होना यह साबित करता है कि भाजपा की नियत और नीतियों को प्रदेश की जनता ने एकमत से स्वीकार किया है। यह विचार भाजपा कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए। अनिल वर्मा ने कहा कि चुनावी घोषणा के साथ ही भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने इन चुनावों को जीतने के लिए कड़ी मेहनत से योजना तय की थी, जिसके परिणाम स्वरूप आज पूरे प्रदेश के बहुमत से कमल खिला है। वर्मा ने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने तो चुनाव से पूर्व ही अपनी हार स्वीकारते हुए न तो अपने प्रत्याशी खड़े किए और जहां चुनाव चिन्ह दिया भी, वहां भी गंभीरतापूर्वक प्रचार नहीं किया। केवल खानापूर्ति के लिए ही कहीं- कहीं अपने प्रत्याशियों को बलि का बकरा बनाते हुए चुनाव में खड़ा किया।

**सलाह** होली भारतीय संस्कृति का एक मुख्य त्योहार

# केमिकल युक्त रंगों से रहें सावधान, हर्बल रंगों से खेलें होली

*सेहत का रखें विशेष ख्याल, रंगों के आंख, नाक, मुंह में जाने से करें बचाव*

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶ पिहोवा

भारतवर्ष में मनाए जाने वाले त्योहारों में होली भारतीय संस्कृति का एक मुख्य त्योहार है जिसे बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। होली को रंगों का त्योहार भी कहा जाता है। रंगों के साथ खेलते एवं मौज मस्ती के बीच, कहीं ना कहीं हम भूल जाते हैं कि हमें अपने शरीर का भी ध्यान रखना होता है। इससे बचाव के लिए जानते हैं बुद्धिजीवियों की राय-

### मिलावटी रंग सेहत को पहुंचा सकते है नुक्सान



नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. राजेंद्र मंगला ने बताया कि होली का रंग अगर नाक व मुंह में चला जाए तो इससे अस्थमा और एलर्जी के मरीजों को काफी दिक्कत हो सकती है। इसलिए ऐसे लोग रंगों से होली ना खेले, क्योंकि इससे मरीज को सांस लेने में परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा कि होली खेलते समय ध्यान रखें कि किसी भी तरह का मिलावटी रंग मुंह में न जा पाए, क्योंकि यह सांस की नली, फेफड़ों व किडनी आदि को भी नुकसान पहुंच सकता है।

### होली पर पानी की न करें बरबादी



प्लेटिनिम होटल के एम.डी. एवं समाजसेवी विशाल चावला ने कहा कि कि आमतौर पर रंगों से खेले जाने वाले होली के त्योहार में लोग पानी का भी खूब इस्तेमाल करते हैं। इतना ही नहीं होली खेलने के बाद खुद को और अपने कपड़ों को धोने के लिए भी लोग पानी का भरपूर इस्तेमाल करते है। जिससे काफी मात्रा में पानी बर्बाद होता है। लेकिन हम सब हर्बल रंगों या फूलों से होली को खेल कर पानी की इस बबार्दी को रोक सकते हैं।

### रंगो से आंखों का रखें विशेष ध्यान



ट्राईसिटी अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम ठाकुर का कहना है कि होली खेलते समय आंखों का विशेष कर ध्यान रखें क्योंकि रसायन युक्त रंगों से आंखों में जलन, लाली, सूजन आदि का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि आंखों में रंग गुलाल पढने से आंखों को रगड़े नहीं बल्कि स्वच्छ पानी से साफ करें। अत्याधिक परेशानी होने पर चिकित्सक से परामर्श करे।

### श्रद्धा एवं सौहार्द का पर्व है होली



समाजसेवी अमित चक्रपाणि ने कहा कि होली पर्व पारस्परिक प्रेम का प्रतीक है, होली का पर्व हमे प्रेम, सद्भाव व भाईचारा बनाये रखने का संदेश देता है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से शांति, प्रेम और आपसी मनमुटाव भुलाकर होली पर्व को खुशी से मनाने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि होली पर प्राकृतिक या हर्बल रंगों का उपयोग कर स्वस्थ रहे।

### न रखें रूखी त्वचा, सरसों के तेल से करें मालिश



सरस्वती मिशन अस्पताल के निदेशक डॉ. सुदर्शन चुघ ने कहा कि रंग खेलने से पहले ध्यान रखें की हमारी त्वचा रूखी न हो क्योंकि रूखी त्वचा होने से रंगों में मौजूद केमिकल्स आसानी से त्वचा में अवशोषित हो जाते हैं। ऐसे में रंग खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल, जैतून या सरसों के तेल की मालिश करें।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर योजना के तहत 10 तक आवेदन का मौका

**अंबाला।** सेना भर्ती कार्यालय ने वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय सेना अग्निवीर योजना के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीकरण बुधवार यानि 12 मार्च 2025 को शुरू हो गया है। यह 10 अप्रैल 2025 तक खुला रहेगा।

### चोरी के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी सागर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मोटरसाइकिल रखने वालें को पहले गिरफ्तार किया जाकर मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि यह मोटरसाइकिल सागर ने चोरी की थी। शिकायतकर्ता आसिफ अली ने 27 जनवरी 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुभाष पार्क से आरोपी ने उसकी बाइक चोरी की है।

### देसी कट्टा व रौंद रखने पर दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी नितिन व आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया था। आरोपी नितिन को पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आदित्य कुमार से दो जिंदा रौंद भी बरामद किए गए हैं। आरोपी ने बताया था कि उसने अवैध हथियार व रौंद आरोपी नितिन व आदित्य से लिए थे। आरोपी को मिट्ठापुर फुलेल माजरा रोड से काबू किया था।

### अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पडाव क्षेत्र पानी की टंकी 12 क्रॉस रोड से अवैध देसी कट्टा व जिंदा रौंद रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी आशीष कुमार उर्फ टिड्डा को गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। आरोपी पानी की टंकी 12 क्रास रोड अम्बाला छावनी के पास अवैध हथियार सहित खडा हैं। सूचना उपरांत सीआईए-2 ने आरोपी को काबू किया।

### सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरुक

**अंबाला।** सड़क सुरक्षा के बारे में करण सिंह ने छात्रों से बात की। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग का उन्होंने दौरा किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया और वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के बारे में बहुमूल्य निर्देश दिए। सिंह ने ट्रैफिक लाइट का पालन करने, सीट बेल्ट पहनने और सड़कों पर समग्र सुरक्षा बनाए रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### शहजादपुर फ्री साइकिल वितरित की गई

**शहजादपुर।** पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्री साइकिल योजना के तहत प्राचार्या सुमन कुमारी की अध्यक्षता में 6 से 8 की छात्राओं को मुफ्त साइकिल वितरित की गई। इस दौरान बच्चों के माता पिता और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे । ये साइकिल बच्चों द्वारा अपने माता-पिता की उपस्थिति में चुनाव की गई है। प्राचार्या सुमन कुमारी ने कहा कि दूर दराज से स्कूल आने वाली छात्राओं को साइकिल मिलने से स्कूल पहुंचना आसान होगा। छात्राओं को सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल का एक तोहफा मिला है।

### व्याख्यान का आयोजन किया गया

**शहजादपुर।** पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल पतरहेडी में बच्चों के लिए विज्ञान और गणित विषय मेंटरिंग और मॉनिटरिंग व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय महिला कॉलेज सेक्टर 14 चंडीगढ़ से गणित प्रवक्ता रजनी गोयल व विज्ञान प्रवक्ता पूजा गिरहोत्रा द्वारा बच्चों को नए और आसान सूत्रों की जानकारी दी गई। इसके उपरांत प्रधानाचार्य दीपा कौशिक ने बच्चों को खेल -खेल में पढ़ाई व याद करने के नए तरीकों से अवगत करवाया गया।

---

**परिणाम घोषित:** सदर नगर परिषद चुनाव में भाजपा ने 32 में से 25 वार्डों में लहराया जीत का परचम

# नगर निगम व सदर नगर परिषद में खिला कमल, भाजपा की शैलजा पहली मेयर और स्वर्ण कौर बनीं अध्यक्ष

- बराड़ा नपा में रुका भाजपा का विजयी रथ, बागी प्रत्याशी रजत मलिक बने अध्यक्ष, भाजपा प्रत्याशी को हराया
- निगम में डिप्टी मेयर रहे कांग्रेस के सुधीर जायसवाल सदस्य का चुनाव जीते, नप अध्यक्ष रहे नीलम सदस्य का चुनाव हारी


अंबाला। जीत का सर्टिफिकेट हासिल करतीं मेयर शैलजा सचदेवा व अन्य नेता।


जीत का सर्टिफिकेट हासिल करती सदर नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

निकाय चुनाव में चली भाजपा की आंधी में कांग्रेस का सफाया हो गया। भाजपा ने मेयर उपचुनाव के साथ अंबाला सदर नगर परिषद अध्यक्ष चुनाव में जीत का परचम लहराया। यहां भाजपा के 26 सदस्य भी निर्वाचित हुए हैं। हालांकि बराड़ा नगरपालिका चुनाव में बागी रजत मलिक भाजपा का रथ रोकने में कामयाब रहे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार को करारी शिकस्त देकर नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। भाजपा की जीत पर कार्यरत जश्न में डूब गए। अंबाला शहर में नवनिर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा ने पूर्व मंत्री असीम गोयल के साथ रोड शो की अगुवाई की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों को जीत का आशीर्वाद दिया।

### पहले राउंड से ही बनाई बढ़त

मेयर उपचुनाव में मतगणना से पहले दोनों भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना जताई जा रही थी। मगर मतगणना के पहले राउंड से ही तस्वीर साफ हो गई। कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला पहले राउंड में ही पिछड़ गई। इसके बाद सभी 14 राउंड में भाजपा प्रत्याशी शैलजा सचदेवा बढ़त के साथ आगे निकल गई। शैलजा सचदेवा को 40620 वोट मिले जबकि अमीष चावला को 20133 मतों पर संतोष करना पड़ा। शैलजा 20487 वोटों से विजयी घोषित हुई। शैलजा की जीत घोषित होते ही रितेश गोयल, गुरविंद्र मानकपुर, अमन सूद, राकेश मेहता, बीनू गर्ग, सुंदर ढींगरा, मनीष आनंद मन्नी, शोभा पूनिया,रमेश, आशीष, गुरप्रीत शाना, हितेष जैन, संजय लाकड़ा समेत तमाम कार्यकर्ता जश्न में डूब गए।

### पांच उम्मीदवारों की जमानत जब्त

इस चुनाव में कुल 13,146 मत पड़े। चुनाव में जहां रजत मलिक ने कुल 47.98 % वोट हासिल कर निर्णायक जीत हासिल की तो भाजपा प्रत्याशी हरजिन्द्र सिंह 32.82 % वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे। इस चुनाव में डॉ कुलदीप को 14.15 %, ओमप्रकाश को 1.86% बलजीत सिंह को 1.39 % रीटा केसरी को 1.03 %, दवेंद्र कुमार को 0.40 % व नोटा को 0.39% वोट मिले। रजत मलिक और हरजिन्द्र सिंह को छोडकर बाकी उम्मीद्वारों को 16.67 % से कम वोट मिले। इस कारण उनकी जमानत जब्त हो गई।

### 20487 मतों से मिली शैलजा को जीत

अंबाला शहर नगर निगम में मेयर पद के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैलजा संदीप सचदेवा ने 20487 मतों से विजयी हासिल की। शैलजा का मुकाबला यहां कांग्रेस की प्रत्याशी अमीषा चावला के साथ। अमीषा को 20133 वोट ही मिल पाए। जीत के बाद रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने मेयर शैलजा संदीप सचदेवा को विजयी प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल , भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, शैलजा सचदेवा के पति एडवोकेट संदीप सचदेवा भी मौजूद रहे।

### मेयर नहीं बनी पर अध्यक्ष का सजा ताज

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में इस बार भाजपा की स्वर्ण कौर अध्यक्ष बन गई। 2013 में कांग्रेस के समर्थन से पहली बार निगम सदस्य बनी स्वर्ण कौर के हाथ से तब मेयर की कुर्सी निकल गई थी। पर इस बार भाजपा ने उन्हें सदर नगर परिषद अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाया था। स्वर्ण कौर का मुकाबला यहां आजाद प्रत्याशी मनदीप कौर से था। पर पहले ही राउंड से मनदीप कौर मतगणना में पिछड़ गई। स्वर्ण कौर को 58891 वोट मिले जबकि मनदीप कौर बब्याल को 31968 वोट मिले। इस तरह स्वर्ण कौर ने 26923 मतों से जीत का परचम लहराया।

## 25 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष के साथ 25 वार्डों से भी भाजपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। छह वार्डों पर आजाद व एक वार्ड से कांग्रेस के निगम में डिप्टी मेयर रहे सुधीर जायसवाल चुनाव जीतने में कामयाब रहे। रिटर्निंग अधिकारी विनेश कुमार ने सभी विजयी प्रत्याशियों को विजयी प्रमाण पत्र देकर बधाई दी। वार्ड नंबर 1 से आजाद प्रत्याशी रणजीत कुमार उर्फ सोनू गुज्जर ने विजय हासिल की। उन्होंने 1436 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी भारत भूषण को 17 मतों से हराया। वार्ड नंबर 2 से भाजपा प्रत्याशी रीना ने बाजी मारी। उन्होंने 1538 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी रूचि चौधरी को 360 मतों से हराया। वार्ड नंबर 3 से भाजपा प्रत्याशी मोहित कौशिक ने जीत हासिल की। उन्होंने 1360 मत हासिल कर आजाद प्रत्याशी लता को 28 मतों से हराया। वार्ड नंबर 4 से भाजपा प्रत्याशी शिल्पा पासी जीती। शिल्पा ने 1209 मत हासिल कर गीता को 56 मतों से हराया। वार्ड नंबर 5 से आजाद प्रत्याशी जीवन कुमार जीते। उन्होंने 1200 मत हासिल कर भाजपा के नानक चंद को 55 मतों से हराया। वार्ड नंबर 6 से आजाद प्रत्याशी संदीप शर्मा विजयी हुए। उन्होंने 875 मत हासिल करते हुए उम्मेद सिंह को 164 मतों से हराया। वार्ड नंबर 7 से भाजपा प्रत्याशी संजीव अत्री ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1874 मत हासिल करते हुए शील कुमार नैन को 1092 मतों से हराया। वार्ड नंबर 8 से भाजपा प्रत्याशी सोमनाथ जीते। उन्होंने 1062 मत हासिल कर रोहतास लाल बत्रा को 160


अंबाला। सदर नगर परिषद का चुनाव जीतने वाले भाजपा उम्मीदवार।

मतों से हराया। वार्ड नंबर 9 से भाजपा प्रत्याशी रेनू चौहान ने विजयी हुई। उन्होंने 1369 मत हासिल कर सुषमा रानी मनचंदा को 659 मतों से हराया। वार्ड नंबर 10 से भाजपा प्रत्याशी रमन छतवाल विजयी हुए। उन्होंने 1696 मत हासिल कर अश्वनी कुमार शर्मा को 1131 मतों से हराया। वार्ड नंबर 11 से आजाद प्रत्याशी नीलम कश्यप ने जीत हासिल की। उन्होंने 1434 मत हासिल करते हुए भाजपा की आंचल सैनी को 486 मतों से हराया। वार्ड नंबर 12 से भाजपा प्रत्याशी सतीश कुमार विजयी हुए। उन्होंने 1832 मत हासिल कर किरण वर्मा को 1193 मतों से हराया। वार्ड नंबर 13 से बीजेपी प्रत्याशी ऋतु शर्मा विजयी हुई। उन्होंने 2107 मत हासिल करते हुए अंजु बाला को 572 मतों से हराया। वार्ड नंबर 14 से आजाद प्रत्याशी हरमिंदर सिंह ने बाजी मारी। उन्होंने 1402 मत हासिल करते हुए भाजपा के नरेश कुमार को 90 मतों से हराया। वार्ड नंबर 15 से भाजपा प्रत्याशी भूपेश शर्मा ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1862 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी निशा परमार को 1267 मतों से हराया। वार्ड नंबर 16 से भाजपा प्रत्याशी भोली बिंद्रा ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1899 मत हासिल कर डॉ. रमनीत कौर को 1367 मतों से हराया। वार्ड नंबर 17 से भाजपा प्रत्याशी रश्मि वर्मा ने जीत हासिल की। उन्होंने 1742 मत हासिल करते हुए पूजा को 995 मतों से हराया। वार्ड नंबर 18 से भाजपा प्रत्याशी शाम सुंदर अरोड़ा ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1358 मत हासिल करते हुए राजन कलसी को 928 मतों से हराया। वार्ड नंबर 19 से भाजपा प्रत्याशी गौरव सैनी जीते। उन्होंने 1180 मत हासिल कर जय प्रकाश को 531 मतों से हराने का काम किया। वार्ड नंबर 20 से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1534 मत हासिल कर रजनी रानी को 381 मतों से हराया। वार्ड नंबर 21 से भाजपा प्रत्याशी बलजिंद्र पाल ने विजय हासिल की। उन्होंने 2554 मत हासिल कर दलबीर सिंह को 555 मतों से हराया। वार्ड नंबर 22 से भाजपा प्रत्याशी प्रमोद कुमार शर्मा ने विजयी हासिल की। उन्होंने 2127 मत हासिल कर सुरिंद्र पाल सिंह वालिया को 952 मतों से हराया। वार्ड नंबर 23 से भाजपा प्रत्याशी ललिता प्रसाद जीते। उन्होंने 1938 मत हासिल करते हुए अमन को 1230 मतों से हराया। वार्ड नंबर 25 से आजाद प्रत्याशी राहुल सोनकर वीरू ने विजयी हासिल की। उन्होंने 1641 मत हासिल करते हुए भाजपा के विकास सोनकर को 111 मतों से हराया। वार्ड नंबर 26 से भाजपा प्रत्याशी नरेश ने जीत हासिल की। उन्होंने 1499 मत हासिल करते हुए संजीव शर्मा को 969 मतों से हराया। वार्ड नंबर 27 से भाजपा प्रत्याशी शिवा काकरान ने जीत हासिल की। उन्होंने 1810 मत हासिल कर आदित्य गोयल को 850 मतों से हराया। वार्ड नंबर 28 से भाजपा प्रत्याशी महेश चंद जीतेउन्होंने 1519 मत हासिल कर मीनाक्षी मनचंदा को 704 मतों से हराया। वार्ड नंबर 29 से आजाद प्रत्याशी सुधीर जायसवाल ने विजय हासिल की। उन्होंने 1929 मत हासिल कर आशीष जायसवाल को 1204 मतों से हराया। वार्ड नंबर 30 से भाजपा प्रत्याशी नीतू विजयी हुई। उन्होंने 2240 मत हासिल कर अनीता को 1381 मतों से हराया। वार्ड नंबर 31 से भाजपा प्रत्याशी डॉ. शशि ने विजय हासिल की। उन्होंने 1613 मत हासिल कर रेनू बाला को 435 मतों से हराया। वार्ड नंबर 32 से भाजपा प्रत्याशी निधि गर्ग जीती। उन्होंने 1860 मत हासिल कर विभा खन्ना को 1147 मतों से हराया। बता दें कि वार्ड नंबर 24 से भाजपा प्रत्याशी महेश नागर पहले ही निर्विरोध जीत गए थे।

### बराड़ा: रजत ने रोका भाजपा का विजयी रथ

**बराड़ा।** मेयर व अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में चली भाजपा की आंधी को यहां बागी रजत मलिक ने रोक लिया। उन्होंने नगरपालिका चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हरजिंद्र सिंह को करारी शिकस्त देकर पहली बार अध्यक्ष बनने का गौरव हासिल की। रजत को कुल 6307 वोट प्राप्त हुए जबकि भाजपा प्रत्याशी हरजिंद्र सिंह को 4314 मतों पर संतोष करना पडा। भाजपा प्रत्याशी को 1993 वोटों से शिकस्त मिली। तीसरे स्थान पर आजाद प्रत्याशी डॉ. कुलदीप शर्मा को 1859 वोट व चौथे स्थान पर रहे ओमप्रकाश को 244 वोट मिले। पांचवें स्थान पर रहने वाले बलजीत सिंह को 183 वोट व रीटा केसरी को 135 वोट पर ही संतोष करना पड़ा। दवेंद्र कुमार को 53 वोट मिले जबकि 51 ने नोटा का बटन दबाया। अध्यक्ष पद के लिए कुल 7 प्रत्याशी मैदान में थे। सुबह 8 बजे जैसे ही मतगणना आंरभ हुई तो केंद्र के बाहर सभी प्रत्याशियों के समर्थक भारी संख्या में मौजूद हो गए। इस दौरान कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में जीत के नारे भी लगाते दिखे। लगभग साढ़े 9 बजे तक अध्यक्ष पद के मतों की गणना का कार्य पूरा हुआ। तब आजाद प्रत्याशी रजत मलिक को विजयी घोषित किया गया तो उनके समर्थक जश्न में डूब गए। बता दें कि इस चुनाव में कुल 19,481 मतदाताओं में से कुल 13146 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।


जीत का सर्टिफिकेट का लेते रजत मलिक

### नपा के 16 वार्डों से इनको मिली सरदारी

नगरपालिका के 16 वार्डों से इस बार चुनाव में सदस्य पद के लिए 43 उम्मीद्वार मैदान में थे। वार्ड नंबर 1 के पवन कुमार को विजेता घोषित किया गया। उन्हें 423 वोट मिले। वार्ड नंबर 2 के अमित कुमार 680 वोट लेकर सदस्य बने। वार्ड नंबर 3 से दिव्या कपूर 481 वोट लेकर सदस्य बनी। वार्ड नंबर 4 से प्रवेश कुमार 325 वोट लेकर सदस्य बने। वार्ड नंबर 5 की अर्चना देवी 477 व वार्ड नंबर 6 के शमशेर सिंह को 314 वोट लेकर सदस्य बने। इसी तरह वार्ड नंबर 7 की राजकली 214 वोटों के जीती। उन्हें कुल 498 वोट मिले। वार्ड नंबर 8 से हरभजन सिंह 53 वोट से जीते। उन्हें कुल 314 वोट मिले। वार्ड नंबर 9 से नरिंद्र कौर ने 74 वोट से जीत हासिल की। उन्हें कुल 413 वोट मिले। वार्ड नंबर 10 से दिग्विजय सिंह 44 वोट से जीते। उन्हें 461 मत मिले। वार्ड संख्या 11 से विजय सिंह ने केवल एक ही 1 वोट जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंदी को 242 वोट मिले। वार्ड नंबर 12 की दीपा सैनीं 10 वोट से जीती उन्हें 294 वोट मिले, वार्ड नंबर 13 के साहिल चावला ने 228 वोटों से जीते दर्ज की। उन्हें कुल 508 वोट प्राप्त हुए। वार्ड नंबर 14 के संदीप कोहरा 97 वोट से जीते। उन्हें कुल 376 वोट मिले। वार्ड नंबर 15 के विजय छाबडा 65 वोटों से जीते उन्हें कुल 600 वोट मिले, वार्ड नंबर 16 से गुरजिंद्र कौर 132 वोट से जीती। उन्हें 423 वोट प्राप्त हुए।

### होली पर छात्रों ने मनाया जश्न, गुलाल लगाए

बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगोली बनाई और पूरे कॉलेज परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया। होली के उपलक्ष्य में टैटू डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य और संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने विद्यार्थियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं।



### भारतीय मजदूर संघ का युवा सम्मेलन हुआ संपन्न

**बराड़ा।** भारतीय मजदूर संघ का युवा सम्मेलन अंबेडकर भवन दोसडका में संपन्न हुआ। यह सम्मेलन पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर संघ के जिला अध्यक्ष सोहनलाल एवं सचिव मलकीत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें उपस्थित लोगों को भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन सह मंत्री गणेश मिश्रा एवं उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार ने संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला मंत्री कंवरपाल ने किया जबकि इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश बालू एवं जिला अध्यक्ष अरुण जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मिश्रा ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है।



### पर्यावरण जागरूकता के लिए छात्रों ने निकाली रैली

**बराड़ा।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में ग्रीन स्कूल प्रोग्राम के तहत पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता हेतु रैली निकाली गई। इस रैली में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गांव के लोगों को पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश मेहरा ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से स्वच्छता, हरित पर्यावरण, और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण विषय पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाया।




## जीत का जश्न कैमरों की नजर में


मेयर शैलजा सचदेवा जीत के बाद रोड शो के दौरान अभिवादन स्वीकारतीं हुईं।

### मेरे किए कार्यों का जनता ने दिया इनाम: विज

**अंबाला।** अंबाला छावनी नगर परिषद चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष पद के साथ सदस्य की 25 सीटें जीतने पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने खुशी जताई। उनहोंने कहा कि जनता ने उनके किए कार्यों का ईनाम दिया है। जीते व हारे हुए सभी उम्मीदवारों के सहयोग से वे अंबाला छावनी को विकास के क्षेत्र में नई बुलंदियों पर पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निकाय के चुनाव में लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी की विकास करने की राजनीति के उपर एक बार फिर अपनी सहमति की मोहर लगा दी है।

## विजय के बाद नप अध्यक्ष व सदस्य विज से मिलते हुए




भाजपा के डिप्टी मेयर राजेश मेहता व पूर्व मेयर रमेश मल खुशी में लोगों को खिलाने के लिए जलेबियां तैयार करते हुए।


आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव जीतने वाले राहुल सोनकर व दीप्पी चित्रा सरवारा का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

---

**मुस्तैदी** महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल तैनात करने का ऐलान

# होली को लेकर पुलिस ने चाक चौबंद किए बंदोबस्त, चौराहों पर तैनात रहेगी पुलिस

- बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकाले तो तुरंत जब्त किया जाएगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने जिला पुलिस को त्यौहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। त्यौहारों पर अक्सर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। सभी थाना.चौकी प्रभारियों को होली के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर कड़े दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। होली के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे.चप्पे पर निगरानी व सतर्कता के साथ गश्त करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को त्यौहार को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बदनियती से हुड़दंग करनेए किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने की नियत से जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने वाले शरारती असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। खासकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस दस्ता भी तैनात रहेगा। यातायात को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर विशेष पुलिस दस्ते तैनात रहेंगे। सभी पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त होगी तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटेंगे। बाइक के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकाले तो बाइक को तुरंत जब्त किया जाएगा। त्यौहार पर कुछ शरारती और आपराधिक तत्व या शराबियों द्वारा रंगों की आड़ में रंजिश निकालने की कोशिश करते हैं।